**भारत सरकार**

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3504

उत्तर देने की तारीख: 15.07.2019

**महिला साक्षरता**

**3504. श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोरः**

**क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) वर्तमान में गुजरात में महिला साक्षरता स्तर क्या है और पूरे देश में इसका रैंक क्या है;
(ख) गुजरात में महिला साक्षरता दर कम होने के क्या कारण हैं; और
(ग) सरकार ने गुजरात में महिला साक्षरता स्तर बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए हैं?

**उत्तर**

**मानव संसाधन विकास मंत्री**

**(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

(क) और (ख): देश में साक्षरता आंकडों का एकत्रीकरण भारत के महापंजीयक द्वारा दस वर्ष में आयोजित जनगणना के माध्यम से किया जाता है। पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। जनगणना 2011 के अनुसार गुजरात सहित देश में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र और रैंक-वार महिला साक्षरता दर दर्शाने वाला विवरण **संलग्न** है। गुजरात में महिला साक्षरता दर 64.63 प्रतिशत राष्ट्रीय महिला औसत साक्षरता दर की तुलना में 69.68 प्रतिशत है और देश में 21वें स्थान पर है। देश में महिला साक्षरता को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारण जैसे गरीबी, महिला-पुरूष और सामाजिक असमानता आदि हैं।

(ग): देश में महिला साक्षरता दर में सुधार की दृष्टि से, गुजरात के 13 जिलों सहित, 26 राज्यों और एक संघ राज्यक्षेत्र, जिनमें 2001 की जनगणना के अनुसार प्रौढ़ महिला साक्षरता दर 50 प्रतिशत या कम थी, के 410 जिलों और वामपंथी चरमपंथ प्रभावित जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में, उनकी साक्षरता दर पर ध्यान दिये बिना, महिला

और अन्य वंचित समूहों पर विशेष फोकस करने सहित, अक्टूबर, 2009 से साक्षर भारत की योजना का कार्यान्वयन किया गया था। योजना का विस्तार 31.03.2018 तक किया गया था।

इसके अतिरिक्त, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने वर्ष 2018-19 में स्कूल शिक्षा हेतु केन्द्रीय प्रायोजित योजना के रूप में एक एकीकृत योजना-समग्र शिक्षा की शुरूआत की है। इस कार्यक्रम में तीन तत्कालीन केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं नामतः सर्व शिक्षा अभियान, (एसएसए), राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (आरएमएसए) और शिक्षक शिक्षा (टीई) को सम्मिलित किया गया है। समग्र शिक्षा स्कूल शिक्षा क्षेत्र हेतु प्री-स्कूल से कक्षा XII तक एक पूर्ण पहुंच कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य स्कूल शिक्षा के सभी स्तरों पर समावेशी और समान गुणवत्तायुक्त शिक्षा सुनिश्चित करना है।

*****

<u>**संलग्नक**</u>

**“महिला साक्षरता” के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर द्वारा दिनांक 15.07.2019 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3504 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक**

**जनगणना 2011 के अनुसार देश में 7 वर्ष और अधिक आयु समूह में रैंक-वार महिला साक्षरता दर**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र का नाम | महिला साक्षरता दर |
|---|---|---|
| | **भारत** | **64.63** |
| 1 | केरल | 92.07 |
| 2 | मिजोरम | 89.27 |
| 3 | लक्षद्वीप | 87.95 |
| 4 | गोवा | 84.66 |
| 5 | त्रिपुरा | 82.73 |
| 6 | अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह | 82.43 |
| 7 | चंडीगढ़ | 81.19 |
| 8 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 80.76 |
| 9 | पुडुचेरी | 80.67 |
| 10 | दमन और दीव | 79.55 |
| 11 | नागालैंड | 76.11 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 75.93 |
| 13 | महाराष्ट्र | 75.87 |
| 14 | सिक्किम | 75.61 |
| 15 | तमिलनाडु | 73.44 |
| 16 | मेघालय | 72.89 |
| 17 | पंजाब | 70.73 |
| 18 | पश्चिम बंगाल | 70.54 |
| 19 | मणिपुर | 70.26 |
| 20 | उत्तराखंड | 70.01 |
| **21** | गुजरात | **69.68** |
| 22 | कर्नाटक | 68.08 |
| 23 | असम | 66.27 |
| 24 | हरियाणा | 65.94 |
| 25 | दादर एवं नगर हवेली | 64.32 |
| 26 | ओडिशा | 64.01 |

| | | |
|---|---|---|
| 27 | छत्तीसगढ़ | 60.24 |
| 28 | मध्य प्रदेश | 59.24 |
| 29 | आंध्र प्रदेश (अविभाजित) | 59.15 |
| 30 | अरुणाचल प्रदेश | 57.70 |
| 31 | उत्तर प्रदेश | 57.18 |
| 32 | जम्मू और कश्मीर | 56.43 |
| 33 | झारखंड | 55.42 |
| 34 | राजस्थान | 52.12 |
| 35 | बिहार | 51.50 |

****